सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-176
09/04/2018

भोजपुर जिला के बिन्द टोली गॉव में किसान दशरथ बिंद की आत्महत्या पर मुख्यमंत्री मर्माहत, त्वरित कार्रवाई का दिया निर्देश

पटना, 09 अप्रैल 2018 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भोजपुर जिला के कृष्णागढ़ पुलिस थाना अन्तर्गत बिन्द टोली गॉव के किसान दशरथ बिंद की आत्महत्या की खबर पर गहरी संवेदना व्यक्त की है साथ ही प्रधान सचिव कृषि एवं प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन को इस पूरे मामले पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश के आलोक में भोजपुर के जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों की एक टीम गठित कर स्थल निरीक्षण हेतु रवाना किया है। जॉच दल द्वारा स्थल निरीक्षण कर सभी पहलुओं की जॉच की जा रही है। जॉच दल की विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर 'बिहार कृषि संकटग्रस्त किसान सहायता योजना 2015' के तहत त्वरित सहायता देने के लिये कार्रवाई की जायेगी।

******